# स्टार्टअप बी-हब के तहत 10 वर्षों के लिए 10 लाख तक की ब्याज रहित सीड फर्निंग

## मौर्यालोक के ए ब्लाक में बन बी-हब का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, पटना : मौर्यालोक स्थित ए ब्लाक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार स्टार्टअप बी-हब का उद्घाटन किया। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौन्ड्रिक ने बिहार स्टार्टअप पालिसी,2022 के बारे में प्रजेंटेशन से मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पालिसी के तहत 10 वर्षों के लिए 10 लाख रुपये तक की ब्याज रहित सीड फर्निंग की व्यवस्था की गई है। महिलाओं द्वारा आरंभ स्टार्टअप को 5 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांगों के स्टार्टअप को 15 प्रतिशत अधिक राशि सीड फंड के रूप में देने का प्रविधान किया गया है। एक्सीलेरेशन प्रोग्राम में भागीदारी के लिए तीन लाख रुपये के अनुदान का प्रविधान भी है। कार्यक्रम में ग्राम श्री किसान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की स्टार्टअप उद्यमी आस्था, शू रिवाइवल कंपनी की शाजिया कैसर तथा व्यमानिका ऐरो स्पेस के मनीष दीक्षित ने अपने अनुभव साझा किए।




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के मौर्यलोक स्थित ए ब्लाक में बिहार स्टार्टअप बी-हब का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रदर्शित किए गए उपकरण का अवलोकन करते उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं अन्य पदाधिकारी। ● जागरण

कार्यक्रम में मौजूदगी : उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा.एस. सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के निदेशक पंकज दीक्षित, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो।

Dainik Jagran ! Page No - 08 ! Date - 09-02-2023 !

# स्टार्टअप शुरू करने वालों के लिए अब 'बी हब'

## पटना के मौर्यालोक में सीएम ने किया उद्घाटन

पटना | मौर्यालोक कॉम्प्लेक्स में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बी हब का उद्घाटन किया। बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के तहत शुरू होने वाले बी हब में छोटे उद्योग को जगह देने के साथ ही मार्केटिंग के लिए सुविधा देने की व्यवस्था की गई है। बिहार स्टार्टअप नीति के तहत उद्योग विभाग की तरफ से स्टार्टअप शुरू करने के लिए 10 लाख रुपए का सीड फंड, एंजेल समूह निवेश पर 50 लाख रुपए तक मैचिंग लोन, रियायती दर पर स्थान, एक्सीलरेशन कार्यक्रम में भागीदारी के लिए तीन लाख तक अनुदान दिया जाएगा।



### कितनी सीट

13800 वर्गफीट में बना बी हब दो ब्लॉक में निर्माण किया गया है। ए ब्लॉक में 109 और बी ब्लॉक में 73 लोग बैठ सकते हैं।

### कितना रेंट

सामान्य केटेगरी के इंटरप्रेन्योर को 1500, महिला एवं ट्रांसजेंडर के लिए 1400, दिव्यांग, एससी-एसटी के लिए 1300 रुपए में महीने भर एक सीट उपलब्ध होगी।

### क्या फायदा

बी हब में ग्राहक को पहुंचने में आसानी होगी। बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। स्टार्टअप शुरू करने वालों को कम शुल्क में जगह उपलब्ध कराया जाएगा।

Dainik Bhaskar ! Page No - 05 ! Date - 09-02-2023 !

# 28 नये स्टार्टअप को दिया गया सीड फंड, एक को मैचिंग लोन

## मुख्यमंत्री ने पटना के मौर्यालोक में किया बिहार स्टार्टअप बी हब का उद्‌घाटन



मौर्यालोक , पटना में बिहार स्टार्टअप बी-हब का उद्‌घाटन करने के बाद इसके बारे में जानकारी लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- उद्‌घाटन के बाद हब के काउंटर पर जाकर सीएम ने की स्टार्टअप उद्यमियों से बातचीत
- कंपनी द्वारा निर्मित उत्पाद और लोगों को उससे मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जाना
- उद्योग विभाग के प्रधान सचिव ने बिहार स्टार्टअप पॉलिसी, 2022 के संबंध में प्रस्तुतीकरण के जरिये दी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी

■ पटना (एसएनबी)।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को मौर्यालोक में बिहार स्टार्टअप बी-हब का उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन के पश्चात हब के काउंटर पर जाकर स्टार्टअप उद्यमियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कंपनी द्वारा निर्मित उत्पाद/सेवायें तथा लोगों को उससे मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में भी जाना। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौन्ड्रिक ने बिहार स्टार्टअप पॉलिसी, 2022 के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पॉलिसी के तहत 10 लाख रुपये तक की ब्याज रहित सीड फंडिंग की व्यवस्था की गई है। महिलाओं द्वारा प्रारंभ स्टार्टअप को 5 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांगों के स्टार्टअप को 15 प्रतिशत अधिक राशि सीड फंड के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। एक्सीलेरेशन प्रोग्राम में भागीदारी के लिए 3 लाख रुपये के अनुदान का प्रावधान भी है।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना तथा स्टार्टअप उद्यम परआधारित अलग-अलग पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री को स्टार्टअप उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए स्टार्टअप किट भेंट किये गये। आज के कार्यक्रम में 28 नये स्टार्टअप को सीड फंड तथा एक स्टार्टअप को मैचिंग लोन कुल 1.78 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गोरौल फूड्स एंड बेवरीजेज प्राइवेट लिमिटेड को 38 लाख 80 हजार 835 रुपये का, यूनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट एलएलपी को 5 लाख रुपये का, डिमाया इंफोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड को 6 लाख रुपये का, क्यूरियस बी डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड को 4 लाख, 20 हजार रुपये का तथा मीडिकवाइजर प्राइवेट लिमिटेड को 10 लाख रुपये का सांकेतिक चेक सौंपा।

# मौर्यालोक कॉम्प्लेक्स में खुला बी-हब मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप को दिया हौसला

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने बुधवार दोपहर मौर्यालोक कॉम्प्लेक्स में स्टार्टअप उद्यमियों के बिजनेस के लिए विकसित बी (बिजनेस)-हब का उद्घाटन किया. स्टार्टअप के लिए राज्य का यह पहला बिजनेस हब है. इस दौरान मुख्यमंत्री ने बी-हब में स्टार्टअप के कामकाज के लिए बनाये गये को-वर्किंग स्पेस में स्टार्टअप उत्पादों को देखा और उनके विचारों को समझा. साथ ही स्टार्टअप को हौसला बढ़ाया. उन्होंने उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौंड्रिक को दिशा-निर्देश भी दिये. स्टार्टअप को और प्रोत्साहित करने को कहा. वे स्टार्टअप के लिए तय की गयी जगह पर पहुंचे और उत्पादों को जाना. मुख्यमंत्री ने बिहार से सफल स्टार्टअप की जानकारी देने वाली और सीएम उद्यमी योजना के संदर्भ में उद्योग विभाग की तरफ से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया. उन्होंने विभिन्न स्टार्टअप को 50 हजार से लेकर 38 लाख से अधिक तक के स्टार्टअप को सीड फंड दिये. संदीप पौंड्रिक ने स्टार्टअप पॉलिसी के बारे में सीएम को विस्तार से बताया. मौके पर उद्योग मंत्री समीर महासेठ, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे. -पेज 09




बी-हब का उद्घाटन करने के बाद बिजनेस मॉडल के बारे में जानकारी लेते सीएम.

Prabhat Khabar ! Page No - 01 ! Date - 09-02-2023 !

# Nitish inaugurates 'B-Hub' for startups

Madan.Kumar@timesgroup.com

Patna: CM Nitish Kumar on Wednesday inaugurated 'B-Hub', the startup co-working space of industries department on the 5th floor of Maurya Lok Complex in the state capital.

Nitish also spoke to entrepreneurs and enquired about the works being done by them. He also enquired about the services and products being provided or produced by the startup companies.

Accompanied by industry minister Samir Kumar Mahaseth and the state's top bureaucrats, the CM also released two separate booklets on the Mukhyamantri Udyami Yojana and the startup industries.

Principal secretary (industries) Sandeep Poundrik, through a presentation, gave detailed information to the CM about the Bihar StartUp Policy-2022. He said arrangement of interest-free funding up to Rs10 lakh for a period of 10 years has been made in the new policy.

Some of the startup owners, namely Aashtha, Shazia Kaiser and Manish Dixit, shared their experiences with the CM.

Established by the state industries department, the co-working space is being managed by the Chandragupt Institute of Management, Patna (CIMP) Business Incubation and Innovation Foundation. The B-Hub houses those startups which cannot afford their own offices.

Ranjeet Kumar



CM Nitish Kumar at 'B-Hub'

**Nitish spoke to entrepreneurs and enquired about the works being done by them**

The CM later visited Patna Museum and took stock of its expansion works. He also issued necessary instructions to the officials.

The CM also visited Vaishaligarh in Vaishali district and inspected ongoing construction work of the Buddha Samyak Darshan Sangrahalaya and the Buddha Smriti Stupa.

बिजनेस हब. उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा, उद्योग विभाग के प्रयासों से बिहार में बना स्टार्टअप का माहौल

# स्टार्टअप सनराइजर्स रैंकिंग में बिहार टॉप पोजिशन पर

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

**मौर्या** कॉम्प्लेक्स स्थित बी(बिजनेस)-हब के उद्घाटन मौके पर उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि सरकार रोजगार और उद्योग दोनों को बढ़ाने में लगी है. केंद्र सरकार की स्टार्टअप सनराइजर्स रैंकिंग में इमर्जिंग स्टार्टअप इको सिस्टम के कैटेगरी'ए' में बिहार को टॉप पोजिशन पर रखा गया है उद्योग मंत्री महासेठ ने कहा कि स्टार्टअप के लिए पटना में दो प्रमुख स्थानों पर को-वर्किंग स्पेस, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब, कॉमन सॉफ्टवेयर एंड हार्डवेयर सुविधा, क्वालिटी एश्योरेंस लैब आदि की व्यवस्था की गयी है. स्टार्ट अप पोर्टल पर आवेदनों की पूरी जांच के बाद ही सीड फंड स्वीकृत किया जाता है.



## फैक्ट फाइल

- बी हब में स्पेस- 14 हजार स्क्वेयर फुट
- बी हब में उद्यमी- 85
- बिहार में कुल निबंधित स्टार्टअप -301
- महिला स्टार्टअप की संख्या -44

## स्टार्टअप उद्यमियों ने कहा

### बिहार का मान अमेरिका में बढ़ाऊंगी : आस्था सिंह



ग्रामश्री स्टार्ट अप की आस्था सिंह ने कहा कि किसानों की बेहतरी के लिए मेरा स्टार्ट अप काम कर रहा है. मैं जल्दी ही बिहार और भारत की तरफ से अमेरिका में अपने स्टार्टअप को प्रजेंट करूंगी.

### लिबर्टी हमसे करार करने को इच्छुक है : कैसर



साजिया कैशर ने कहा कि हम जूतों को नया जीवन देते हैं. ई कॉमर्स के जरिये पूरे देश में काम करेंगे. लिबर्टी हमसे करार करने को इच्छुक है. बिहार में काम के लिए भरपूर माहौल है.



### किसानों के लिए ड्रोन पूरे विश्व में बेचेंगे : दीक्षित

हम विशेष तकनीक से ड्रोन बना चुके हैं. खेतों में कीटनाशकों के छिड़काव से लेकर डिलीवरी ड्रोन तक बना रहे हैं. साथ ही डिफेंस के लिए हम काम कर रहे हैं.

Prabhat Khabar ! Page - 09 ! Date - 09-02-2023 !